Notice of extension of suspension

Using the telephone interpreter service to contact the school

# निलम्बन (सस्पेंशन) की अवधि बढ़ाये जाने की सूचना

## स्कूल से संपर्क करने के लिए टेलीफोन दुभाषिया सेवा का उपयोग करना

विद्यार्थी का नाम

Name of student

प्रिय माता-पिता/देखभालकर्ता

संलग्न पत्र में निलंबन की अवधि बढ़ाये जाने की सूचना का विवरण दिया गया है जो मैंने NSW शिक्षा विभाग की विद्यार्थी व्यवहार नीति और निलंबन एवं निष्कासन प्रक्रियाओं के अनुसार आपकी संतान को जारी किया है।

पत्र आपको निलंबन की नई समाप्ति तिथि प्रदान करता है और आपको निलंबन पर चर्चा करने और आपकी संतान के स्कूल लौटने पर सहायता की योजना बनाने के लिए एक समाधान बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित करता है। जब स्कूल आपसे संपर्क करता है, तो कृपया हमें बताएं कि क्या आपको बैठक में दुभाषिया की आवश्यकता है और हम इसकी व्यवस्था करेंगे। यदि आपको संलग्न पत्र को समझने में कठिनाई हो रही है तो कृपया स्कूल से संपर्क करें ताकि हम समझा सकें।

यदि आपको स्कूल से संपर्क करते समय दुभाषिया सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया 131 450 पर कॉल करें और अपनी भाषा में दुभाषिए की मांग करें। ऑपरेटर को वह फ़ोन नंबर बताएं जिस पर आप कॉल करना चाहते/ती हैं, और आपकी बातचीत में सहायता के लिए ऑपरेटर आपको फोन लाइन पर एक दुभाषिए से जोड़ेगा। इस सेवा के लिए आपसे कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

प्रिंसिपल का नाम

Name of Principal

प्रिंसिपल का फ़ोन नंबर

Principal's phone number